# प्रेस विज्ञप्ति

 फिल्मी स्टाइल से प्लास्टिक के ड्रम में छुपा कर गांजा तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर चढ़ा गरियाबंद पुलिस के हत्थे ।

 83.300 किलो ग्राम गांजा किमती 8.5 लाख रूपये के साथ एक आरोपी गिरफ्तार ।

 घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप कीमती 10 लाख को किया पुलिस ने जप्त

 थाना गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्यवाही ।

विवरण- वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब, जुआ सट्टा पर कडी कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में आज दिनांक 07.01.2025 को थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन क्रं0 CG 08-BB-8009 के पीछे प्लास्टिक ड्रम में छुपाकर अवैध मादक पदार्थ रखकर देवभोग की ओर से गरियाबंद की ओर आ रहे है, जिसकी सूचना तस्दीक पर पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुच कर मुखबीर से बताये गये संदेही वाहन को थाना के पास नाकाबंदी कर रोककर उक्त संदेही वाहन को पकडा गया। संदेही से नाम पता पुछने पर वाहन चालक ने अपना नाम जगदीश भाठीया पिता हरिश्चंद्र भाठीया उम्र 36 साल निवासी साकिन वार्ड नं. 64 सारगोया तहसील खेतगांव  थाना हरनगांव जिला देवास (म०प्र०) का रहने वाला बताया तथा वाहन के पीछे नीले रंग प्लास्टिक के ड्रम मे भूरा रंग के सेलो टेप से लिपटा हुआ 44 पैकेट में कुल 83.300 किलोग्राम किमती 8.5 लाख रूपये तथा सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन क्रं0 CG 08-BB-8009  किमती 10 लाख रूपये जुमला किमती 18.5 लाख रूपये को समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त अरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर 20 B(ii)(C) NDPS Act का पाये से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश यादव, सउनि टीकाराम ध्रुव, प्र.आर. डिगेश्वर साहू, आर. मुरारी यादव, योगेश ठाकुर, धनेंद्र बंजारे, कुंदन जगने, कृष्णभूषन सरदार की विशेष भूमिका रही।

❇ जप्त सम्पत्ति -

(1) खाखी रंग के टेप से लिपटा हुआ कुल 44 पैकेट में 83.300 किलोग्राम गांजा मादक पदार्थ किमती 8.4लाख रूपये।

(02) सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन क्रं0 CG 08-BB-8009 किमती 10 लाख रूपये।

❇ नाम आरोपी-

जगदीश भाठीया पिता हरिश्चंद्र भाठीया उम्र 36 साल निवासी साकिन वार्ड नं. 64 सारगोया तहसील खेतगांव  थाना हरनगांव जिला देवास (म०प्र०)